# मंत्री सिंह ने गौशाला का किया लोकार्पण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गरधा में 38 लाख रुपये की राशि की लागत से निर्मित श्री मधुसूदन गौशाला का लोकार्पण किया। उन्होंने गौशाला में गौमाता की पूजा- अर्चना कर उन्हें मिष्ठान और चारा आदि खिलाया। इसके अलावा मंत्री श्री सिंह ने यहां लगभग 3.60 लाख रुपये की राशि से निर्मित मुख्य सड़क से पंचायत भवन की ओर सीमेंट सड़क का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार पूरे संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। करोड़ों रुपये के भवन, सड़क, बिजली, पानी और अनेक प्रकार की सौगातें दे रही हैं।

ग्रामवासियों द्वारा सामुदायिक भवन की मांग करने पर मंत्री श्री सिंह ने आश्वस्त किया कि यहां जरूर सामुदायिक भवन आदि के कार्यों को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रत्येक बड़े गांव में सामुदायिक भवन हो जिससे वहाँ शादी,सांस्कृतिक और अन्य कार्यक्रम हो सकें। गौशाला की बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की मांग करने पर मंत्री श्री सिंह ने मौके पर ही 2.50 लाख रुपये की राशि देने की बात कही



और बाकी 2.50 लाख रुपये निर्माण कार्य के दौरान ही देने की घोषणा की। मंत्री श्री सिंह ने एकीकृत माध्यमिक शाला में बच्चों के फर्नीचर के लिए 2 लाख रुपये, माध्यमिक शाला के पास पेयजल सुरक्षा के लिए केबिन में शेड निर्माण के लिए 50 हजार रुपये और सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए साउंड सिस्टम के लिए 50 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा मंच से की। उन्होंने कहा कि ग्राम में विकास के कार्य चलते रहेंगे।उन्होंने बताया कि बम्होरी से सुपारी मार्ग स्वीकृति की स्थिति में है।

पूर्व विधायक नरेश पाठक एवं साधना स्थापक, मिनेंद्र डागा, डॉ. हरगोविंद सिंह, राजीव सिंह ठाकुर, राव संदीप सिंह, गौरीशंकर खेमरिया, जिला पंचायत सदस्य ऋचा स्थापक, डॉ. योगेश कौरव, सुश्री अंजु शुक्ला, मुकेश मरैया, श्री जय प्रकाश वर्मा, राजेश महेश्वरी, गौसेवक पं. रमाकांत शुक्ला, महेश अधरूज, संदीप स्थापक, प्रदीप ममार, सुरेन्द्र कौरव, योगेश मालपानी, विनोद गुप्ता, बलराम कौरव, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# अक्षय नवमी पर महिलाओं ने किया आंवले के वृक्ष का पूजन-अर्चन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** अक्षय नवमी जिसे आंवलिया नवमी भी कहा जाता है। महिलाओं के द्वारा प्रातः काल स्नान कर आंवले के वृक्ष के नीचे पहुंच कर पूजन अर्चन किया एवं वृक्ष की पूजन कर कुसुम बांधकर परिक्रमा लगाई गई। वृक्ष की छांव में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। नगर के प्रतिष्ठित सदर मढ़िया प्रांगण एवं राधा-कृष्ण मंदिर परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर जहां जहां आंवले के वृक्ष लगे हुए हैं। वहां पर महिलाओं ने पहुंच कर पूजन अर्चन किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में भीड़भाड़ देखने को मिलीं मंदिर परिसर में तो श्रद्धालुओं ने वहीं पर भोजन प्रसाद बनाकर ग्रहण



की। ऐसा माना जाता है कि इस दिन किया गया पुण्य पूजन का फल शुभकारी होता है इसका कभी भी क्षय नहीं होता, तथा रत्न,स्वर्ण, वस्त्र,फल का दान किया जाता है।जो फलदाई होता है। तथा पूर्व जन्मों के पापों का क्षय हुआ करता है।अक्षय वृक्ष के रुप में आंवले का पूजन का महत्व बताया है। इसलिए श्रद्धालु यहां पूजन अर्चन किया करते हैं।

## सार-समाचार



### आंवला नवमी के उपलक्ष्य में आंवला से माता रानी का श्रृंगार

**गोटेगांव, देशबन्धु।** आज नगर से दूर सुरम्य पहाड़ी में विराजमान आदि शक्ति ललितांबा त्रिपुर माता जी आंवला नवमी के उपलक्ष्य में आंवला से माता रानी का श्रृंगार किया गया।

### लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की गई राशि

नरसिंहपुर। इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लि के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिले की कुल 2 लाख 13 हजार 229 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 25 करोड़ 89 लाख 36 हजार 650 रुपये की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को जिले में भी देखा व सुना गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, हितग्राही और नागरिक मौजूद थे।

### गोटेगांव प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने सीताराम

#### सचिव शरद नेमा, अनिल जैन बनाए गए कोषाध्यक्ष किया स्वागत



**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस दिन रविवार को समीपवर्ती धर्मस्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर धाम में दाल बाटी भर्ता प्रोग्राम के साथ समस्त पत्रकारों की स्थानीय झोतेश्वर रेस्ट हाउस में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्व सहमति से युवा पत्रकार सीताराम रजक को गोटेगांव प्रेस क्लब का अध्यक्ष मनोनीत किया गया वहीं सचिव शरद नेमा, कोषाध्यक्ष अनिल जैन बनाए गए। तत्पश्चात नगर के समस्त पत्रकारों ने नए पदाधिकारी का पुष्पहार से स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित की वही झौतेश्वर में विराजमान जगत जननी मां त्रिपुर सुंदरी मैया जी के दर्शन कर आशीर्वाद ग्रहण किया। तत्पश्चात प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा नए पदाधिकारी का उत्साहवर्धन करते हुए पुष्प हार पहनाकर स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव कपिल नायक, प्रदीप सिंघवी, राहुल खेमरिया, सतीश दुबे, केसरी नामदेव, राहुल पाटकर, पवन मिश्रा, पी डी साहू, मनीष मिश्रा, गोविंद यादव, अजीत इंदौलिया, कैलाश गुप्ता, विवेक सराठे, श्रीकांत दुबे, बब्लू अग्रवाल, संजू सिलावट सहित झौतेश्वर चौकी प्रभारी सहित नगर के समस्त पत्रकारगण मौके पर मौजूद रहे।

### माध्यमिक शाला में विविध गतिविधियां आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले के माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा छटवी से आठवीं तक बस्ता विहीन कक्षाओं के दौरान छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न विधाओं में खुशी खुशी सहभागिता की गई। विकासखंड जनपद शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर अंतर्गत विद्यालयों का विकासखंड स्रोत समन्वयक ओ पी राय, बी ए सी ब्रजेश नेमा द्वारा शालाओं में संचालित गतिविधियों काअवलोकन कर छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षकों को छात्र छात्राओं की अभिरुचि अनुसार गतिविधि का दस्तावेज संधारण अवश्य करें। विकासखंड नरसिंहपुर की सभी दस जन शिक्षा केंद्र की माध्यमिक शालाओं में गतिविधियां आयोजित की गई। जन शिक्षा केंद्र पी एम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर अंतर्गत प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा द्वारा छात्राओं की खेल, पी टी,गतिविधियों, चित्रकला में सहभागिता की सराहना की।एकीकृत शासकीय हाई स्कूल नयाखेड़ा में छात्र छात्राओं द्वारा उपयोग के बाद वेस्ट मटेरियल से क्राप्ट कार्य एवं चित्रकला कार्य करते समय प्राचार्य श्रीमती विनीता पाण्डे द्वारा स्किल को बढ़ावा देने बच्चों के बीच पहुंचकर उत्साहवर्धन किया।

# माकपा ने की मृतक नरेश पाल की मौत पर उच्च स्तरीय जांच कर मुआवजा देने के मांग

**गाडरवारा,देशबन्धु।** मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड जगदीश पटेल ने विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि गाडरवारा क्षेत्र में एनटीपीसी एक बहुत बड़ा उपक्रम है जिसमें हर क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों के सामने सुरक्षा को लेकर चुनौति होती है। आए दिन मजदूरों के साथ अनहोनी दुर्घटनाएं घटित होने की सूचनाएं मिलती रहती है जिसकी मुख्य वजह सुरक्षा मानकों के अनुसार मजदूरों को सुरक्षा साधन उपलब्ध नकराते हुए दबाव में मनमाने तरीके से काम कराना है।

एनटीपीसी में ठेकेदारी प्रथा जमकर हावी है और वह भी सत्तासीन ओर विपक्ष के बड़े धनाढ्य उन पर कब्जा किया हुए है। मज़दूरों की वास्तिवक मजदूरी यदि 16हजार है तो पेमेंट मिलते ही अपने खाते से निकालकर मजदूरों को गेट से निकलने के पहले 3हजार रुपए ठेकेदार को देना पड़ रहा है यदि नहीं दिया, या बाहर जाकर प्रचार किया तो बाहर का रस्ता दिखा दिया जाता है।

नरेश पाल एक गरीब घर का चिराग जो अपने परिवार को पालने बाला था वह एनटीपीसी के कुप्रबंधन और पैसे के लिए मानवीयता को त्याग चुके भेड़ियों का शिकार हो गया जिसे प्रबंधन ने समय पर उसकी मौत की खबर देना भी मुनासिब नहीं समझा।

मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी नरसिंहपुर शासन प्रशासन से मांग करती है मृतक के बच्चों की अच्छी शिक्षा, परिवार के एक सदस्य को उसके मजदूरी के समकक्ष नौकरी और 50लाख का मुआवजा दे। मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मृतक के परिजनों से मिलकर घटना स्थल का दौरा करेगा और एनटीपीसी प्रबंधन से तत्काल सुरक्षा मानकों के अनुसार हर मजदूर को सुरक्षा साधन मुहैया कराए जाने, और एनटीपीसी में मजदूर संगठनों के कार्यालय के लिए स्थान अलाट करने जिससे मजदूरों के हकों को उठाया जाने प्रबंधन से मांग करेगा और मजदूरों की सुरक्षा संरक्षा के लिए संघर्ष करेगा।

# राष्ट्रीय शालेय कबड्डी स्पर्धा की तैयारियों को लेकर बैठक

**गाडरवारा देशबंधु।** गाडरवारा का सौभाग्य है कि इस नगर में राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता एवं युग कवि कुमार विश्वास के कवि सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है।

आयोजन की तैयारीया जोर-जोर से चल रही है स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री गाडरवारा विधायक राव उदय प्रताप सिंह ने क्षेत्र को यह बहुत बड़ी सौगात सौगात दी है। इसी आयोजन को लेकर वीते दिवस कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने रुद्र मैदान पहुँचकर राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता व कवि सम्मेलन युग कवि कुमार विश्वास के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया।

रुद्र मैदान पुराने कॉलेज ग्राउंड पर व्यवस्थाओं के संदर्भ में दिशा निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता को शानदार व सफल तरीके से संचालित करने की बात कही। रुद्र मैदान का निरीक्षण के उपरांत सेवा सदन कार्यालय में आयोजित बैठक के माध्यम से प्रशासन व नगर के नागरिकों राजनैतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं से संवाद कर सफल आयोजन के लिए विचार विमर्श किया गया। आमजनों ने भी सुझाव लिए गए। राषटीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता एवं कवि सम्मेलन की बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर समितियों का गठन किया।

कवि सम्मेलन के लिए स्रोताओ के लिए व्यवस्थित व्यवस्थाए एलईडी एवं अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई खिलाड़ियों के लिए भोजन समिती, पार्किंग के उचित स्थानों का चयन, खिलाड़ियों के ठहरने के लिए आवास , कंट्रोल रूम समिती आमंत्रण स्वागत एवं मंच संचालन एवं प्रचार प्रसार समिति, मीडिया के लिए कवरेज करने उनके बैठने के बेहतरीन व्यवस्था के लिए समितियों का गठन किया। बैठक में गाडरवारा एसडीएम कलावती व्यारे, एसडीओपी रत्नेश मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यवहार, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा पूर्व विधायक नरेश पाठक व साधना स्थापक सहित भाजपा वरिष्ठ नेता व संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिको ने अपने-अपने सुझाव दिए गए ,उन सुझाव पर आयोजन समिति अमल करेगी। राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता व कवि सम्मेलन का आयोजन हमें बेहतर तरीके से करना है सभी लोगो की इस आयोजन में सहभागिता होनी चाहिये।

## गाडरवारा में भाजपा मंडल की कार्यशाला

**गाडरवारा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गाडरवारा के अंतर्गत सेवा सदन में नगर मंडल गाडरवारा की कार्यशाला संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर नीरज महाराज विशिष्ट अतिथी पूर्व विधायक साधना स्थापक, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष पीयूष जैन व पार्षदों पार्टी पदाधिकारियों व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आगामी संगठन के निर्वाचन के संबंध में विस्तृत कार्यक्रम बताए गए, भारतीय जनता पार्टी के बूथ समितियो के गठन का निर्माण, बूथ अध्यक्ष बी एल ए महामंत्री और पन्ना समिति निर्माण हो शक्ति केंद्रों पर कार्यशालाएं आयोजित हो। कार्यशाला में सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा जाए ऐसी अपील भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी कार्यकर्ताओं से की गई। कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री शैलेश पटेल ने किया कार्यशाला का आभार सोशल मीडिया प्रभारी आदित्य शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च

**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय नगर में विगत शनिवार की शाम को पुलिस अधीक्षक द्वारा पैदल भ्रमण किया वहीं आमजन में सुरक्षा का माहौल बनाए रखने और पुलिस की उपस्थिति का अहसास कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के कुशल नेतृत्व में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया।

गोटेगांव एसडीओपी भावना मरावी, गोटेगांव थाना प्रभारी प्रदीप सराफ और अन्य अधिकारियों के साथ यह पैदल मार्च नगर के प्रमुख क्षेत्रों में निकाला गया।फ्लैग मार्च की शुरुआत पुलिस थाना परिसर से हुई,जो टाकीज रोड,



ठाकुर बाबा मंदिर, भगतराम चौराहा, और पेट्रोल पंप जैसे प्रमुख स्थानों से होते हुए नगर के विभिन्न हिस्सों में पैदल भ्रमण कर संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान पुलिस थाना गोटेगांव एसडीओपी भावना मरावी, थाना प्रभारी नगर निरीक्षक प्रदीप सराफ, झौतेशवर चौकी प्रभारी दिलीप सिंह ठाकुर, एसआई गौरव नेमा,आशीष बोपचे, ऋषिराज रजक ,जयवंती कुडापे,एएसआई जेपी धुर्वे,दिनेश उपाध्याय, राजेश जाट,प्रशांत सिंह, नितिन दौहैया,चंद्रप्रकाश पटले,परसराम असैया, जयनारायण सेन,बृजेश दीक्षित, महेंद्र शुक्ला,सुमित सहित समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहा।

**इनका कहना है**

हमारा उद्देश्य जनता में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाना और कानून-व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाना है। यह फ्लैग मार्च इसी का हिस्सा है, ताकि लोगों को पुलिस की उपस्थिति और सतर्कता का आभास हो सके।

**मृगाखी डेका, पुलिस अधीक्षक, नरसिंहपुर**

# 24 से आयोजित होगी एनएसडी की कार्यशाला

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंहपुर की पावन धरा पर रंगमंच के नये सितारें जन्म लेने जा रहे है। प्रदेश की प्रतिनिधि नाट्य संस्था रंग सरोकार नाट्य समिति द्वारा आगामी 24 नवंबर से 23 दिसंबर तक, एनएसडी नईदिल्ली के संयुक्त



आयोजन में एक माह तक चलने वाली प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त संस्था राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली के रंग विस्तार कार्यक्रम के तहत, उक्त कार्यशाला नगर में एक माह तक चलेगी। इस कार्यशाला में एनएसडी के पूर्व छात्रों के द्वारा उभरते रंगकर्मियों को नाट्य कला एवं अभिनय की बारीकियों से रूबरू कराने के साथ ही व्यवस्थित और वैज्ञानिक पद्धति से रंगमंच के तत्वों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया, कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की यह कार्यशाला पूर्णता निशुल्क है। जिसमें अन्य राज्यों से भी प्रशिक्षणार्थी भाग लेने आ रहे है। रंगसरोकार नाट्य समिति के निर्देशक श्री त्रिवेदी के अनुसार स्थानीय स्तर पर इस कार्यशाला को एमआईएमटी कालेज के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, इसके साथ ही उन्होने कहा, कि इस आयोजन में मुख्यत जिले के स्थानीय रंगकर्मियों को वरीयता प्रदान की जावेगी। इस कार्यशाला में भाग लेने के लिये इच्छुक प्रतिभागी आवेदन पत्र सोशल मीडिया की साइट पर उपलब्ध होने के साथ ही मो. 7000370633 से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता हैं।

# प्रतीक्षालय न होने से यहां-वहां खड़े होते हैं यात्री, होती है परेशान

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर के स्थानीय फुहारा चौक से यात्रियों को अनेक गांव जाने वाले वाहन मिलते हैं वहीं पर फुहारा चौक से परमहंसी बगासपुर व विभिन्न इलाके में जाने वाली बसें संचालित होती हैं। गोटेगांव में फुहारा चौक पर जहां से बसों का संचालन होता है। वहां पर बस से यात्रा करने वाले यात्रियों को खड़े होने के लिए कोई जगह नहीं मिलती है। जो पुराना प्रतीक्षालय था उसको रोड निर्माण के समय लोक निर्माण विभाग ने हटवा दिया था। इसके बाद यहां पर शासन द्वारा बस यात्रियों की सुविधा के लिए किसी प्रकार का कोई प्रतीक्षालय नहीं बनाया गया है।उक्त स्थल के आसपास कतिपय लोगों ने कब्जा कर लिया हैं। जो हाथ ठेले यहां रखे हैं उनमें अधिकांश खुलते नहीं हैं, इस फुहारा चौक पर चारो ओर अतिक्रमण फैला हुआ है। जिसके कारण यहां की चौड़ी सड़क दिन के समय अत्यंत संकरी हो जाती है और दिन में आने जाने वालों को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं परमहंसी गंगा आश्रम का रास्ता दिशा सूचक बोर्ड नजर नहीं आने से लोग भटकते रहते हैं। फुहारा चौक नगर का प्रमुख चौक है जिसके आस-पास प्रमुख शासकीय कार्यालय स्थित होने के बावजूद इस चौराहे का क्रियाकलाप ना होना जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

# बुलट से निकाले तेज आवाज वाले साइलेंसर, लगाया जुर्माना

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में यातायात नियमों का पालन नही करनें वालों पर यातायात पुलिस ने की कार्यवाही। शहर की सड़कों पर जो बाइक चालक तेज गति से और लापरवाही पूर्वक भीड़ वाले स्थानों से तेज गति में वाहन दौड़ा रहे हैं उनकी जानकारी भी सीसीटीवी के जरिए दर्ज की जा रही है। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जिले भर में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की टीमों ने बाइक पर तीन सवारी बिठाने वाले एक दर्जन चालकों से 6000 रुपए जुर्माना वसूल किया है। साथ ही तीन बुलेट से तेज आवाज वाले साइलेंस निकालकर जब्त करते हुए तीन हजार रुपए जुर्माना लगाया है। पुलिस यातायात व्यवस्था में सुधार लाने, नियम विरुद्ध एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर रही है, लेकिन अब तक पुलिस एक भी नशेड़ी को वाहन चलाते हुए नहीं पकड़ सकी है, जबकि शहर में ही शाम से देर रात तक सड़कों पर नशे की हालत में बाइक, कार से लेकर अन्य वाहन तक नशेड़ी दौड़ाते रहते हैं।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए